नकदी व आभूषण लूट के चार आरोपियों को पकड़ा

उदयपुर, (निसं)। गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने हाइवे पर वाहन चालाकों को हथियार दिखा कर नकदी व आभूषण लूट की वारदात करने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुए चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित राजेन्द्र वर्मा पुत्र राजेन्द्र रामानन्द वर्मा निवासी लक्ष्मीनगर अहमदाबाद 4 जुलाई को बलिचा स्थित होटल पर खाना खाने के बाद अहमदाबाद जाने के लिए रवाना हुए। जहां बीच रास्ते में हावे पर पुलिया नीचे काया रोड़ पर लघुशंका करने रूके। प्रदीप वर्मा कार में बैठा था एवं कौशल राजेन्द्र वर्मा व जयेन्द्र सिंह दोनों नीचे उतरे। इसी दौरान बाइक पर आए बदमाशों ने तलवार दिखा कर जयेन्द्रसिंह के कान से सोने की मुरकियों छीन ली, कौशल से सोने का ब्रेसलेट व करीब पांच हजार नकदी निकाल ली।

Name Changed
I Have Changed My Name From Rehana to Rehana Ameen For All Purposes. In Future be Called and Known by New Name. R/o 1, Kharol Colony, Udaipur, Raj.

Name Changed
I, Firoza Sheikh having Passport No. M3104996 have changed my name Firoza Banu W/o Shakeel Mohammed to Firoza Sheikh W/o Shakil Mohammad Sheikh for all purposes. Add.: 72-Murshid Nagar, Badi Masjid Ke Samne, H.M. Sec. 12, Saweena, Udaipur 313002

पौधारोपण किया

बांसवाड़ा, (निसं)। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत एवं राउप्रावि के तत्वाधान में ग्राहक पंचायत के चित्तौड प्रांत सहसचिव शिक्षक लक्ष्मीकांत भावसार ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर विद्यालय में बिल पत्र का रोपण कर संरक्षण की जिम्मेदारी ली। उन्होंने बताया कि पिता की पुण्यतिथि पर पूर्व में भी विद्यालय में दो आंवला, एक पीपल एवं अन्य पौधों का रोपण किया है। इस अवसर पर संस्था प्रधान खुशलता भट्ट, शारीरिक शिक्षक सतीश भंडारी, ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष बाबूलाल गर्ग, पर्यावरण प्रमुख अनिल कुमार डिंडोर, सुलोचना पुरोहित, शैलेंद्रसिंह डामोर, पूर्व वार्ड पंच तरुण निनामा, सामाजिक कार्यकर्ता बापूलाल आदि मौजूद रहे।

उदयपुर में पहली बार गाइडेड कॉइल-ग्लू तकनीक से गैस्ट्रिक वैरिक्स का सफल उपचार

उदयपुर, (कासं)। गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, उदयपुर में पहली बार अत्याधुनिक श्वस (एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड) गाइडेड कॉइल एवं ग्लू थेरेपी के माध्यम से जानलेवा गैस्ट्रिक वैरिक्स का सफल उपचार किया गया। इस जटिल प्रक्रिया को गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. कार्तिकेय माथुर ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस सुविधा के उपलब्ध होने से पोर्टल हाइपरटेंशन से पीडति मरीजों को उदयपुर में ही आधुनिक एवं लक्षित उपचार का नया विकल्प मिला है।

हाल ही में एक मध्यम आयु की महिला मरीज, जो एक्स्ट्रा-हेपेटिक पोर्टल वेन ऑब्स्ट्रक्शन से पीडित थीं, में पेट की बडी गैस्ट्रिक वैरिक्स का उपचार किया गया। शिरा अवरुद्ध होने से दबाव बढ जाता है और पेट व भोजन नली की नसें फूल जाती हैं, जिनसे अचानक जानलेवा रक्तस्त्राव का खतरा रहता है। श्वस की सहायता से वैरिक्स में विशेष कॉइल और चिकित्सीय ग्लू डालकर इसे सफलतापूर्वक बंद किया गया।

डॉ. माथुर ने बताया कि गाइडेड कॉइल एवं ग्लू थेरेपी में अल्ट्रासाउंड की मदद से वैरिक्स और रक्त प्रवाह को सीधे देखकर उपचार किया जाता है। पहले कॉइल डाली जाती है, जो ग्लू को उसी स्थान पर रोकने में मदद करती है। इससे कम मात्रा में ग्लू की आवश्यकता, बेहतर सटीकता और ग्लू एम्बोलिज्म व प्रक्रिया संबंधी रक्तस्त्राव के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि पोर्टल हाइपरटेंशन केवल लिवर सिरोसिस के कारण ही नहीं, बल्कि नॉन-सिरोटिक कारणों से भी हो सकता है।

समय पर पहचान और उपचार नहीं होने पर खून की उल्टी एवं काला मल जैसी गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। आधुनिक उपचार विकल्पों में भी शामिल है, लेकिन यह सभी मरीजों में संभव नहीं होता। ऐसे में श्वस गाइडेड कॉइल एवं ग्लू थेरेपी एक मिनिमली इनवेसिव और लक्षित उपचार विकल्प के रूप में उपयोगी है।

फोटो-4गीतांजलि में पहली बार अत्याधुनिक (एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड) गाइडेड कॉइल एवं ग्लू थेरेपी के माध्यम से जानलेवा गैस्ट्रिक वैरिक्स का सफल उपचार किया गया।

जिला पर्यावरण समिति की बैठक

उदयपुर, (कासं)। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में जिला पर्यावरण समिति की बैठक हुई।

बैठक में जिले में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े विभिन्न विषयों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान शहर में वेटलैंड क्षेत्रों के चिन्हीकरण, सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए की जा रही कार्रवाई, पर्यटन स्थलों की साफ-सफाई एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा एवं समीक्षा हुई।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगरपालिका, कपासन जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/न.पा.क./भूमि/2026-27/ दिनांक:

-: लोक सूचना :-

निम्न आवेदकों ने नीचे वर्णित भुमि में के अपने अधिकार आवासीय/व्यवसायिक के प्रयोजन के लिए ऐसी भुमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकारी प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	जिलेसहित नगरका नाम	वार्ड/कॉलोनी/गलीका नाम	पडौसद्वारा सीमाबद्ध	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लंबाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र
1.	श्री रशीद मोहम्मद पिता श्री आदम शाह एवं श्री हमीद मोहम्मद पिता श्री आदम शाह निवासी-कपासन।	जिला: चित्तौड़गढ़ नगर: कपासन	फकिरों का मोहल्ला, कपासन	-	21.84 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान स्टेट ग्रान्ट एक्ट 1961 के तहत पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष सारगर्भित दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 17.8.2026 को जारी की गयी।

(खेमराज सिंह गुर्जर) अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, कपासन

कार्यालय ग्राम पंचायत दिवेर, पंचायत समिति भीम, जिला राजसमंद

क्रमांक: निविदा/ग्रा.पं.दि./2026-27/46 दिनांक:- 14.08.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 05/2026-27

ग्राम पंचायतदिवेर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्यो/संकर्म हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में आनलाईन निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।

NIB NO- ZRR2627A0414
UBN NO- ZRR2627WSOB00838-843

प्रशासक, ग्राम पंचायत दिवेर, पं.स. भीम जिला-राजसमन्द
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत दिवेर, पं.स. भीम जिला-राजसमन्द

कार्यालय नगर परिषद राजसमन्द, जिला-राजसमन्द

क्रमांक:न.प.रा/2026/141-142 दिनांक :13/08/2026

आपत्ती सूचना पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राकेश खिंची पिता श्री जगदीश चन्द्र खिंची निवासी इन्द्रप्रस्थ कॉम्पलेक्स के पीछे पंचवटी राजनगर द्वारा राजस्व ग्राम करोट खसरा नम्बर 37/1,40/2,43/2 में नगर परिषद राजसमन्द द्वारा पत्रावली संख्या 429/2022-23 पट्टा संख्या 5208 दिनांक 07.11.2022 भूखण्ड क्षैत्रफल 1200 वर्गफीट काजारी किया गया है। प्रार्थी द्वारा पट्टा सं. 5208 में से भूखण्ड क्षैत्रफल 1200 वर्गफीट का आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करवाना चाहते है। उक्त भू-उपयोग परिवर्तन करने में कोई आपत्ती हो तो 15 दिवस में अपनी आपत्ती लिखित में मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करे। बाद मियाद कोई आपत्ती स्वीकार्य नहीं होगी।

आयुक्त, नगरपरिषद राजसमन्द

पीएमयू में स्वतंत्रता दिवस मनाया

उदयपुर, (कासं)। भीलो का बेदला स्थित पेसिफिक मेडिकल विश्वविद्यालय में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल के साथ मनाया गया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह मे पेसिफिक मेडिकल विश्वविधालय के प्रेसिडेन्ट डॉ.एम.एम.मंगल,पीएमसीएच के प्रिसिंपल डॉ.यू.एस.परिहार ने झण्डारोहण किया। इस अवसर पर राष्ट्रगान की गूंज से पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डॉ.एम.एम. मंगल ने स्वतंत्रता संठाम सेनानियों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता का असली अर्थ सिर्फ आज़ादी नहीं, बल्कि कर्तव्य और समर्पण की भावना है। उन्होंने कहा चिकित्सा एक ऐसा पेशा है जिसमें हमें समाज सेवा का अवसर मिलता है, इसलिए हमें न केवल अपने कार्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए बल्कि समाज और देश की सेवा में भी सदैव तत्पर रहना चाहिए।

समारोह के दौरान मेडिकल कॉलेज,डेन्टल कॉलेज एवं फिजियोथेरेपी कॉलेज के विद्यार्थीयों ने देष भक्ति गीतों पर प्रस्तूति देकर सबको देष सेवा का संदेष दिया। इस दौरान चिकित्सकों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित सभी अतिथियों, विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को भाव-विभोर कर दिया। देशभक्ति के गीतों और नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। इस मौके पर पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, डेंटल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, फिजियोथेरेपी कॉलेज, ऑक्यूपेशनल थैरेपी कॉलेज और पैरामेडिकल कॉलेज के डीन, डायरेक्टर, विभागाध्यक्ष, एमबीबीएस, डेंटल एवं नर्सिंग के विद्यार्थी, शिक्षण व गैर-शिक्षण स्टाफ सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने बन्दे मातरम गीत गाकर देश की एकता, अखंडता और मानव सेवा के क्षेत्र में निरंतर योगदान देने का संकल्प लिया।

जितेंद्र सिंह रूपावत का स्वागत

भीम। कस्बे के बदनौर चौराहा स्थित गुरुकुल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एनसीसी नेवल के पूर्व छात्र जितेंद्र सिंह रूपावत का भारतीय वायुसेना में चयनित होकर 6 माह का प्रशिक्षण पूर्ण कर प्रथम बार घर आगमन पर स्वागत किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर विद्यालय में आयोजित समारोह में संस्था निदेशक आशा जैन नेवी एनसीसी प्रभारी भगवत लाल और दिनेश प्रजापत ने पूर्व छात्र जितेंद्र सिंह का साफा व माला पहनाकर तथा प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मान किया। संस्था निदेशक आशा जैन ने बताया कि जितेंद्र सिंह रूपावत ने स्थानीय विद्यालय में प्रारंभिक शिक्षा से लेकर सीनियर तक अध्ययन किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत चोरवडी पंचायत समिति भुपालसागर, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक:-ग्रा.प.फ./2026-27/48 दिनांक-17.08.2026

ई निविदा सूचना

ग्राम पंचायत चोरवड़ी में वित्तीय वर्ष 2026-27 में नियम 181 अन्तर्गत कार्य करवाये जाने है।

NIB. No.	UBN No.
ZCH2627A1025	ZCH2627WSOB01441
ZCH2627A1026	ZCH2627WSOB01442

उक्त कार्यो से उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार के विभागों में पंजीकृत संवेदको से निविदाऐं आंमत्रित की जाती है जो दिनांक 17.08.2026 से 24.08.2026 सांय 05.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी/शर्ते वेबसाइट sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

प्रशासक, ग्राम पंचायत चोरवड़ी, पं.स. भूपालसागर, चित्तौड़गढ़
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत चोरवड़ी, पं.स. भूपालसागर, चित्तौड़गढ़

रक्षाबंधन महोत्सव

उदयपुर, (कासं)। रक्षाबंधन के अवसर पर भारतीय डाक विभाग की ओर से फतेहपुरा उप डाकघर में सोमवार को विशेष रक्षाबंधन महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर उप डाकघर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए राखी मेल बुकिंग पर विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई।महोत्सव के दौरान राखी स्पीड पोस्ट अथवा राखी पार्सल बुक कराने वाली प्रथम 11 महिलाओं एवं बालिकाओं को विशेष उपहार प्रदान किए गए। फतेहपुरा उप डाकघर की पोस्टमास्टर लक्ष्मी गोस्वामी एवं सहायक ज्योति गायत्री ने महिलाओं एवं बालिकाओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस दौरान उनकी राखियों की मेल को विशेष रूप से बुक किया गया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ के श्रमजीवी महाविद्यालय, प्रतापनगर एवं डबोक परिसर में शनिवार को 80वां स्वाधीनता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह डबोक परिसर स्थित बीएड महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, कुलपति प्रो. मंजु मांडोत एवं प्राचार्या प्रो. सरोज गर्ग ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान विद्यार्थियों ने राजस्थानी लोकगीतों एवं देशभक्ति गीतों पर आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थितजनों का मन मोह लिया।

- **विद्यापीठ में 80वां स्वाधीनता दिवस धूमधाम से मनाया**

माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय में प्रो. मलय पानेरी ने ध्वजारोहण किया। सभी परिसरों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगान के साथ देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

मुख्य अतिथि विधायक उदयलाल डांगी ने कहा कि स्वाधीनता दिवस राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का दिवस है। हजारों स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान के कारण आज हम आजाद भारत में सांस ले रहे हैं। मां भारती को ब्रिटिश जंजीरों से मुक्त कराने के लिए वीर बांकुरों ने अपने प्राणों तक की आहुति दी। स्वाधीनता दिवस उन महान सेनानियों को स्मरण करने और उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का अवसर है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रभाव के बिना देश को परम वैभव तक नहीं पहुंचाया जा सकता। हमारा संकल्प होना चाहिए कि मानव को महामानव कैसे बनाया जाए और युवा पीढ़ी में राष्ट्र के प्रति समर्पण, सेवा तथा जिम्मेदारी का भाव विकसित किया जाए।

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज.)
Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2026/6217 दिनांक : 13/8/2026

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरणकराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 07 दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पडौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्रीमती पुजा वर्मा पत्नी श्री गोपेश वर्मा	भूखण्ड क्षैत्रफल-1500 वर्गफिट, वर्गफिट, गुर्जरपुरा उपला पायसा, नाथद्वारा	भूखण्ड वर्तमान में शाही पैलेस	भूखण्ड श्री तिलकेश पालीवाल	आम रास्ता	भूखण्ड श्री धर्मेन्द्र पालीवाल

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज.)
Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2026/6379 दिनांक : 15/8/2026

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरणकराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 07 दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पडौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री लक्ष्मीनारायण पालीवाल पिता श्री नरेन्द्र कुमार पालीवाल	भूखण्ड क्षैत्रफल-1125 वर्गफिट, वर्गफिट, रामपुरा, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-10	भूखण्ड संख्या-12 व 13	रोड	भूखण्ड संख्या-16

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

उदयपुर शहर के 80 वार्डों की लॉटरी निकाली

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर के जिला परिषद सभागार में सोमवार सुबह 10.30 बजे उदयपुर शहर के 80 वार्डों की लॉटरी निकालने की प्रक्रिया शुरू हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अठावाल की उपस्थिति में नगर निगम उदयपुर, नगरपालिका कानोड़, भीण्डर, वल्लभनगर मावली एवं फतहनगर-सनवाड के वार्डों की लॉटरी निकाली गई।

उदयपुर में इस बार कुल 80 वार्ड है जिनमें आज निकाली गई लॉटरी में सामान्य के लिए आरक्षित 48 वार्ड में जिनमें 16 महिलाओं के लिए आरक्षित थे। सामान्य वार्ड: सामान्य ओपन के आरक्षित 32 वार्ड की सूची में वार्ड नं. 01,03,05,10,12,15,18,19, 20,24,25,26,28,29,33,39, 44,45,46,49,50,51,53,54, 56,63,64,66,70,75,78,80 है। वहीं सामान्य महिलाओं के लिए आरक्षित 16 वार्डों में वार्ड नं 04, 08, 16,17,27,31,35,36,40,52, 57,58,60,69,73,76 की लॉटरी निकली।

- **80 वार्डों में 48 वार्ड सामान्य जिनमें 16 वार्ड सामान्य महिलाओं के लिए आरक्षित**

इसी प्रक्रिया में ओबीसी ओपन के लिए आरक्षित 11 वार्डों की सूची में वार्ड नं. 2,6,11,14,21,22,23,48, 71, 72, 74 व ओबीसी महिला के लिए आरक्षित 05 वार्डों में वार्ड नं. 34, 38, 55, 61, 68 शामिल है। एससी ओपन के लिए आरक्षित 05 वार्डों में वार्ड नं. 7,09,30,32,37 की लॉटरी निकली वहीं एससी महिला के लिए आरक्षित तीन वार्डों की के लिए वार्ड नं. 47,59,67 की लॉटरी निकली। एसटी ओपन के लिए आरक्षित 5 वार्डों की सूची में वार्ड नं. 41, 43, 65, 77, 79 व एसटी महिला के लिए आरक्षित 3 वार्डों की सूची: वार्ड नं. 13, 42, 62 की लॉटरी निकली। इसके बाद जिले में आने वाली नपा कानोड़, भीण्डर, वल्लभनगर मावली एवं फतहनगर-सनवाड के वार्डों की लॉटरी भी निकाली गई। लॉटरी प्रक्रिया के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेन्द्र सिंह राठौड़, एडीएम सिटी जितेन्द्र ओझा, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, मावली विधायक पुष्कर डांगी सहित प्रमुख मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)
Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/नामा./2026/6388 दिनांक : 15.8.2026

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री बालमुकुन्द कुमावत पिता श्री रामचन्द्र कुमावत निवासी-सिंहाड़ हनुमान जी के पास लाल बाग रोड, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-10 क्षैत्रफल-1350 वर्गफिट, नाकोडा नगर, नहर के पास, लाल बाग, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-20	30 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-11	भूखण्ड संख्या-09
2.	श्रीमती ज्योति कुमावत पिता श्री बालमुकुन्द कुमावत निवासी-सिंहाड़ हनुमान जी के पास लाल बाग रोड, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-09 क्षैत्रफल-1350 वर्गफिट, नाकोडा नगर, नहर के पास, लाल बाग, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-21	30 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-10	30 फिट रोड

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)
Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/नामा./2026/6376 दिनांक : 15.8.2026

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री प्रतिज्ञा वर्मा पिता श्री जुगलकिशोर वर्मा	भूखण्ड संख्या-बी 6 क्षैत्रफल-595 वर्गफिट, गिरिराज विला हॉस्पीट के पास, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-बी 5	सैट बैक की खुली जगह	आम रास्ता 30 फिट	हवा रोशनी हेतु कोमन रूप से छोड़ रखी जगह एवं उसके आगे भूखण्ड संख्या-बी 12
2.	श्री ब्रज मोहन तापडिया पिता श्री बंशीलाल तापडिया	भूखण्ड संख्या-24 क्षैत्रफल-1125 वर्गफिट, कर्मचारी कॉलोनी तहसील रोड, नाथद्वारा	न. पा की पड़त जमीन	भूखण्ड संख्या-26	भूखण्ड संख्या-23	रास्ता

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

उदयपुर में चरक जयंती मनाई

उदयपुर, (कासं)। आयुर्वेदाचार्य एवं चरक संहिता के प्रणेता आचार्य चरक जयंती सिंधी बाजार स्थित राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। आचार्य चरक के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर नमन किया। ,

कार्यक्रम में आचार्य चरक के आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उनके सिद्धांतों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि आचार्य चरक ने चिकित्सा को केवल रोगों के उपचार तक सीमित नहीं रखा, बल्कि स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा को भी आयुर्वेद का महत्वपूर्ण उद्देश्य बताया। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. शोभालाल औदीच्य ने कहा कि आचार्य चरक का योगदान भारतीय चिकित्सा परंपरा के लिए अमूल्य है। चरक संहिता में रोग निदान, चिकित्सा, औषधियों, आहार-विहार, दिनचर्या एवं स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण सिद्धांतों का विस्तृत वर्णन मिलता है। उन्होंने कहा कि आज की जीवनशैली में आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों को अपनाकर स्वस्थ जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा सकता है।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः F-7 ( ) B.PLAN/MISC/2026-27/891 आम सूचना दिनांकः यथाहस्ताक्षरित

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियों (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता मे समय-समय पर जारी आदेशों / परिपत्रों / अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/योजना	खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड/भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
	पुष्पा मुन्दडा पत्नी श्री लादुलाल मुन्दडा एवं श्री पियूष मुन्दडा पिता श्री लादुलाल मुन्दडा	गुखरमगरी	655 से 657, 673, 674, 675 मीन, 676 से 692, 693 मीन, 696 मीन, 697 मीन, 698 से 702, 704, 711 से 712, 713 मीन, 715 से 720, 793, 808 से 813, 821, 823 से 827, 833 मीन, 1199 /833, 834 से 848, 850 से 861, 864 से 879, 880 मीन, 1209 /880, 881 मीन, 1210/ 881, 928 से 931, 933, 935 से 969, 972 से 974, 1151/ 974, 978, 980 से 982, 984 से 987, 989, 991 से 993, 995, 1003 से 1010, 1031 मीन, 1032 मीन, 1033 मीन, 1113/1031, 1114/1031, 1115/1032,1116/1033, 1035, 1036, 1041 से 1045, 1048 (ब्लॉक-ई)	127	4887.12 वर्गफीट	देबारी चौराहे से आहमदाबाद जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग होटल से मीनाक्षी गेस्ट हाउस को जाने वाली 100 सडक पर स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 07 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव उदयपुर विकास प्राधिकरण

सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र (CMTC), मगवास (राजीविका)
श्रीनाथ राजीविका महिला सर्वागीण विकास सहकारी समिति लिमिटेडमगवास,झाडोल जिला:- उदयपुर
पंजीकरण संख्या:-COOP/2018/UDAIPUR/COS/100028
**पता- श्रीनाथ राजीविका CMTC प्रशिक्षण केन्द्र मगवास, सरकारी विद्यालय